# विज्ञप्ति संख्या 2314 दि0 04.06.15
## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

## इण्टर प्रशिक्षित शिक्षक पद पर नियुक्ति की सूचना

1. झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा कक्षा 1 से कक्षा 5 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण एवं अहर्त्ताधारी आवेदकों से राजकीयकृत प्राथमिक/मध्य विद्यालयों में गैर योजना अन्तर्गत स्वीकृत इण्टर प्रशिक्षित शिक्षक एवं योजना अन्तर्गत स्वीकृत इण्टर प्रशिक्षित उर्दू शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 04.07.2015 तक स्पीड–पोस्ट/निबंधित डाक के माध्यम से आवेदन–पत्र निम्नांकित पते पर आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 04.07.2015 के पश्चात् प्राप्त आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

पता– जिला शिक्षा अधीक्षक,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर,
स्टेट माईल रोड, बिस्टुपुर
(ऑपोजिट ब्लड बैंक)
पिन कोड– 831001

1. इच्छुक आवेदक अपना आवेदन–पत्र की सभी प्रविष्टियों को भर कर, उचित स्थान पर पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ चिपकायेंगे एवं आवेदन–पत्र के उचित स्थान पर अपना हस्ताक्षर करेंगे। आवेदन–पत्र के साथ वांछित अभिलेख की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं दो अतिरिक्त फोटोग्राफ संलग्न कर एक लिफाफा में भेजेंगे। लिफाफा के उपर में बड़े अक्षरों में **इण्टर प्रशिक्षित शिक्षक/इण्टर प्रशिक्षित उर्दू शिक्षक (जो लागू हो) पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन** अनिवार्य रूप से अंकित करेंगे तथा लिफाफे पर अपना नाम, पूरा पता एवं दूरभाष/मोबाईल संख्या अंकित करेंगे।

2. नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यता एवं अहर्ता निम्नवत् हैः–

   i. भारत का नागरिक हो।

   ii. प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक नियुक्ति नियमावली, 2012 के नियम 4(ख)(i) में वर्णित निम्नलिखित शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्थान/प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त किया हो एवं उत्तीर्ण हो।

